**Code No. 03**

Total No. of Questions : 51 ]

Total No. of Printed Pages : 7 ]

**March, 2011**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes ] [ Max. Marks : 100

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है ।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1) शिवप्रसाद जी ने कहार को क्या इनाम दिया ?

2) सफेद बाल आते ही आदमी क्या करने लगता है ?

3) बसवेश्वर त्याग पत्र देकर कहाँ गये ?

4) विंडो पीरियड का समय कितना हो सकता है ?

5) किसे पसली में गोली लगी थी ?

6) लेखक रात में कहाँ पहुँचे ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 × 3 = 9

7) लेखक ने दो रईसों की झूठी प्रतिष्ठा का चित्रण किस प्रकार किया है ?

8) एड्स रोगी बहुत समय तक स्वस्थ रहता है क्यों ? कैसे ?

9) लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

10) कुत्ते की भौंकने की आवाज सुनने के बावजूद भी हलकू अपने खेत को उजड़ने से क्यों न बचाया ?

11) बसवेश्वर का प्रतिष्ठा केंद्र अनुभव मंटप किस प्रकार का संघटन था और उसकी स्थापना किसके लिए की गयी थी ?

[ Turn over

II. अ) निम्नलिखित वाक्यों को किसने, किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) ''दर्शनार्थी है क्या ?''

13) ''क्यों मेरे पहियों के नीचे आना चाहती है ?''

14) ''रात की ठंड में यहाँ सोना न पड़ेगा ।''

15) ''युवावस्था में किसी को विधवा बनाना युगधर्म नहीं हैं ।''

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का संदर्भ के साथ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) ''सौंदर्य का सामना करना कोई खेल नहीं है ।''

17) ''इसके जीवन में कहाँ गाँठ पड़ी है यही सोच रहा हूँ ।''

18) ''हमारे पास छीनने को राज्य तो था नहीं पर एक दाँत माँजने का ब्रश और मोटर की मामूली सी ढिबरी के लिए हम कैसी मुसीबत में पड़े यह हम ही जानते हैं ।''

19) ''महाराज ये भारतवासी फिल्में बहुत देखते हैं और जीवन को भी फिल्मी जीवन समझ लेते हैं ।''

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) मीरा को मारने के लिए विष का प्याला किसने भेजा ?

21) मानव जीवन में किसकी छाया छा गयी है ?

22) कबीर ने क्या देखा ?

23) यशोधरा के नेत्र क्या कहते हैं ?

24) कवयित्री किसको धिक्कारती है ?

25) मंदिर-मस्जिद क्या बढ़ाते हैं ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

26) तुलसीदास ने सीता जी से किस प्रकार याचना की है ?

27) राधा कृष्ण के हृदय में किस तरह प्रेम का भाव उत्पन्न कराने के लिए पवन से कहती है ?

28) यशोधरा क्षात्र-धर्म के बारे में क्या कहती है ?

29) कवि, धर्म के नाम पर होनेवाले झगड़ों को किस प्रकार शांत कराना चाहता है ?

इ) निम्नलिखित कवितांश के ससंदर्भ के साथ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 × 4 = 8

30) ''करि गए थोड़े दिन की प्रीति ।
कहँ वह प्रीति कहाँ यह बिछुरनि,
कहँ मधुवन की रीति ।''

**अथवा**

''एक अचंभा देख्या रे भाई ।
ठाडा सिंघ चरावै गाई ।
पहलै पूत पीछे भई माई, चेला कै गुरु लागै पायी
जल की मछली तरवरि ब्याई, पकडि बिलाई मुरगै खाई
बैलहि डारि गुंनि घर आई, कुत्ता कूं लै गई बलाई''

31) ''तू जल-जल जितना होता क्षय
यह समीप आता छल नामय,
मधुर मिलन में मिट जाना तूँ,
उसकी उज्ज्वल स्मित में धुल खिल
मदिर-मदिर मेरे दीपक जल
प्रियतम का पथ आलौकित कर ।''

**अथवा**

''यह गीत रेशमी है, यह खादी का,
यह गीत पित्त का है, यह बादी का
कुछ और डिजाइन भी है, ये इल्मी -
यह ली जे जलती चीज़ नयी, फिल्मी ।''

[ Turn over

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** शब्द, वाक्यांश या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

32) किसने भाभी को आत्महत्या करने से रोका ?

33) कुश्ती में लड़ने के लिए पहले कौन अखाड़े में उतरा ?

34) गोपीचंद को कितने सालों की सज़ा हुई ?

35) बनारस जिला जेल में गोपीचंद की भेंट किससे हुई ?

36) पुजारी किसके साथ पकड़ा गया ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) मटरू ने किसानों से क्या कहा और क्यों ?

38) गोपीचंद का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

39) जमींदारों के अत्याचार का वर्णन कीजिए ।

40) किसानों के स्वभाव का परिचय दीजिए ।

V. अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

41) i) मोहिनी ने कहा की मैं नहीं आऊँगी ।

ii) मैं ने गाँव जा रहा था ।

iii) राम से रोटी खाया गया ।

iv) कुछ पहले का घटना याद आ रहा है ।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारकों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 4 × 1 = 4

( ने, पर, में, का )

42) i) राम ..................... खाना हुआ ।

ii) राम ..................... रावण को मारा ।

iii) मेज .................. किताबें हैं ।

iv) भारत ..................... लोग अधिक हैं ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 4 × 1 = 4

43) i) मैं ने रोटी खायी । ( वाच्य बदलिए )

ii) राम से चित्र देखा जाएगा । ( वाच्य बदलिए )

iii) मोहन हमेशा याद रखता है । ( भूत काल में लिखिए )

iv) मैं वहाँ जाऊँगा । ( वर्तमान काल में लिखिए )

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44) i) | हुक्म बजाना | a) | षड्यंत्र रचाना |
| ii) | खिचड़ी पकाना | b) | क्रोधित होना |
| iii) | टेढ़ी खीर | c) | आज्ञा का पालन करना |
| iv) | दाँत पीसना | d) | कठिन काम । |

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

45) विधवा, पापी ।

ऊ) निम्न के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

46) कन्या, फल ।

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 1 × 5 = 5

47) भारत को आजादी मिले करीब 63 साल हो गये । आबादी में भारत दुनिया में ही बहुत आगे है । लेकिन इस देश की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है । देश में हर कहीं अभाव और गरीबी भरी हुई है । आर्थिक स्तर दिन-व-दिन गिरता ही जा रहा है । इसका कारण क्या है ? कौन इसके जिम्मेदार हैं ? आज इस विषय पर सोचने के लिए किसी के पास भी समय नहीं है । सोचने की शक्ति कमज़ोर हो गई है । इसका प्रमुख कारण है, देशाभिमान की कमी । आज यह कहीं पर भी दिखाई नहीं देता । समाज, जिसमें लोग रहते हैं, नेता, जो देश को चलाते हैं । किसमें है यह अभिमान ? नहीं, किसी में नहीं । इसी के कारण आज व्यक्ति को अपने पर ही विश्वास नहीं रहा । आज भारत में सिर्फ लोग जी रहे हैं । प्रजा नहीं । जब हम सच्चे अर्थ में प्रजा बनेंगे, बनकर जीवन करेंगे तब हम देश के बारे में कुछ सोच सकते हैं । तब यह मेरा महान भारत विश्व में ही अग्र स्थान प्राप्त कर सकेगा ।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में जानकारी देते हुए अपने माता-पिता के नाम पत्र लिखिए ।

आ) निम्न के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

48) a) Vivekananda is a person of high character.

ವಿವೇಕಾನಂದ ಒಳ್ಳೆಯ ಚರಿತ್ರೆಯುಳ್ಳ ವ್ಯಕ್ತಿ.

b) Radha has been away from the school during the last weeks.

ರಾಧಾ ಕೆಲವು ವಾರಗಳಿಂದ ಶಾಲೆಗೆ ಬರಲಿಲ್ಲ.

c) We have determined to finish our work by next Sunday.

ನಾವು ರವಿವಾರದೊಳಗೆ ಕೆಲಸವನ್ನು ಮುಗಿಸುವ ನಿಶ್ಚಯ ಮಾಡಿದ್ದೇವೆ.

d) You can see me at any time.

ನೀವು ನನಗೆ ಯಾವ ಸಮಯದಲ್ಲಾದರೂ ಸಿಗಬಹುದು.

e) I couldn't go to Bangalore due to personal engagements.

ವೈಯಕ್ತಿಕ ಕಾರಣಗಳಿಂದಾಗಿ ನಾನು ಬೆಂಗಳೂರಿಗೆ ಹೋಗಲಿಲ್ಲ.

VII. अ) निम्न के पद परिचय दीजिए : 1 × 3 = 3

49) बड़े लोग जल्दी आयेंगे ।

आ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए : 4 × 1 = 4

50) भाव, सार, स्थिति, होश ।

इ) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग को अलग कर लिखिए : 3 × 1 = 3

51) अनादर, बेईमानी, नालायक ।